आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 25.05.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :-

1- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2026 के लिए 66 जानी-मानी हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया।

2- धार में बनेगा सरस्वती लोक और भोज शोध संस्थान, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किया ऐलान।

3- प्रदेश में जल संरक्षण के कार्यों में श्रमदान कर मना गंगा दशहरा।

4- नौतपे के पहले दिन मिला जुला रहा मौसम, भोपाल, विदिशा, सीहोर सहित कई जिलों में रही भीषण गर्मी, उमरिया में बारिश से गिरा पारा।

## राष्ट्रपति-पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष 2026 के लिए 66 जानी-मानी हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें से दो हस्तियों को पद्म विभूषण, छह को पद्म भूषण और 58 को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। जाने-माने फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। अभिनेता की पत्नी और लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। वायलिन वादक डॉ. एन. राजम को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।जिन प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म श्री से सम्मानित किया गया, उनमें भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भुल्लर, तागा राम भील, रतिलाल मोहनलाल बोरिसागर, स्वामी ब्रह्मदेव और कुमार बोस शामिल हैं। समारोह के दौरान, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, सहित कई अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## धार भोजशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत धार जिले में आयोजित 'गंगा दशहरा कार्यक्रम' में सहभागिता कर जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार पुरातत्व और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा। इसके लिए उन्होंने यहां सरस्वती लोक और भोज शोध संस्थान बनाने का ऐलान किया। उन्होंने भोजशाला आंदोलन में शहीद हुए तीन बलिदानियों लक्ष्मण सिंह पंचघाटी, बनसिंह अमझेरा, अंतर सिंह के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐतिहासिक देवी सागर तालाब के गहरीकरण गहरीकरण कार्य का शुभारंभ किया तथा श्रमदान कर जल एवं जल संरचनाओं के संरक्षण का संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में जल संरक्षण

संरक्षण के व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश 'जल गंगा संवर्धन संवर्धन अभियान' के माध्यम से जल संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## गंगा दशहरा

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर आज सभी जिलों में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कुओं, नहरों, बावड़ियों और तालाबों की साफ-सफाई, घाटों की स्वच्छता और पुराने बंद पड़े बोरवेल के पास रिचार्ज पिट निर्माण कर जलसंरक्षण के कार्यों में श्रमदान कर लोगों को प्रेरित किया। आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिला मुख्यालय स्थित मोती सागर तालाब में आयोजित गहरीकरण एवं सफाई कार्य में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार शामिल हुए। सीहोर के रेहटी स्थित नर्मदा के आंवलीघाट पर आज जिला स्तरीय जल संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। नीमच, कटनी, खंडवा, खरगोन, अशोकनगर, छतरपुर, सतना, ग्वालियर, श्योपुर और रायसेन मे भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## सर्वोच्च न्यायालय - नीट

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट परीक्षा में बार-बार हो रही चूक पर चिंता जताते हुए कहा कि यह दुख की बात है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पिछले पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं सीखा है। न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी-एनटीए और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरों से उन याचिकाओं पर जवाब मांगा है, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए जांच एजेंसी की जगह किसी ज़्यादा मज़बूत और स्वायत्त संस्था को लाने की मांग की गई है। न्यायालय ने एजेंसी को बृहस्पतिवार तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

## शिवराज पुस्तक

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिखा पुस्तक 'अपनापन' का विमोचन कल किया जाएगा. इस पुस्तक में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने 35 वर्षों के संबंधों और अनुभवों को साझा किया है। इसका विमोचन कल नई दिल्ली में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैंया नायडू और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा करेंगे।

## वक्फ बोर्ड स्कॉलरशिप

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड विभिन्न नवाचारों से देश में सबसे आगे है। प्रदेश में वक्फ बोर्ड के माध्यम से वक्फ संपत्तियां ऑनलाइन की ऑनलाइन की गई, इसके लिए भारत सरकार से स्कॉच अवार्ड मिला। यह पारदर्शी व्यवस्था पूरे पूरे देश के लिए उदाहरण बनी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड देश का श्रेष्ठ वक्फ बोर्ड है। बोर्ड है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल के रवीन्द्र भवन राज्य वक्फ बोर्ड के स्कॉलरशिप स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के 850 850 बच्चों को छात्रवृत्ति वितरित की गई। डॉ. यादव ने छात्रवृत्ति पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई को बधाई देते हुए कहा कि हजारों विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि

कि छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को पूरा करने का माध्यम माध्यम है।

**मौसम**

आज से नौतपा शुरू हो गया है। ये सिलसिला 2 जून तक जारी रहेगा। नौतपा यानी साल के वो नौ दिन जब सूरज की तपिश सबसे ज़्यादा होती है और गर्मी अपने चरम पर होती है। नर्मदापुरम से हमारे संवाददाता ने बताया है कि नौतपा की शुरुआत के पहले ही दिन नर्मदापुरम में असर देखने को मिला। यहां सुबह से तेज और तीखी धूप पड़ी। भोपाल, विदिशा, सीहोर में भी गर्मी से लोग परेशान दिखे। उधर उमरिया जिले में नवतपा की शुरुआत मौसम के बदले मिजाज के साथ हुई। नवतपा के पहले ही दिन जिले में गरज-चमक के साथ जोरदार बारिश हुई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली।

**संक्षिप्त समाचार**

1- शहडोल संभाग के शहडोल और उमरिया जिलों में 40 करोड़ की लागत से 3 डिग्री कॉलेज भवनों का निर्माण किया जाएगा।

2- कटनी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एनएसएस और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विविध जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

3- खरगोन के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने किया।

4- जिला जेल अशोकनगर में आज बंदियों से व्यक्तिगत साक्षात्कार और विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

5- पीएम एक्सीलेंस कॉलेज श्योपुर में श्योपुर जिला स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

6- बैतूल में आज लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने अधिकारियों विभागीय निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये।

7- नर्मदापुरम जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में ऑनलाइन एप के जरिए चली गिद्धों की गिनती पूरी हो गई है। तीन दिन की गिनती में 315 गिद्ध पाए गए।

8- गुना में कलेक्टर ने आज जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अधिकारियों का सम्मान किया।

--------------------